भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1525
उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024

कॉल ड्रॉप दर

1525. श्री चमाला किरण कुमार रेड्डीः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि भारत में कॉल ड्रॉप, प्रतिशत 4.73 प्रतिशत है जो वैश्विक मानकों से लगभग 58 प्रतिशत अधिक है और ट्राई के लक्ष्य से 135 प्रतिशत अधिक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) कॉल ड्रॉप दर को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) पिछले सात वर्षों के दौरान प्रत्येक सेवा प्रदाता द्वारा कॉल ड्रॉप के प्रतिशत का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि कॉल ड्रॉप के मामले ट्राई के लक्ष्य से अधिक हैं, तो सेवा प्रदाता के विरुद्ध लगाए गए जुर्माने और अन्य उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा प्रकाशित मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही की कार्य-निष्पादन संकेतक रिपोर्ट के अनुसार सभी दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी) कॉल ड्रॉप प्रतिशत के मानदंडों को पूरा कर रहे हैं।

(ख) सरकार ने दूरसंचार सेवाओं में विस्तार को सुगम करने और गुणवत्ता में सुधार करने हेतु पर्याप्त स्पेक्ट्रम का आवंटन, निष्क्रिय और सक्रिय अवसंरचना साझाकरण, मार्ग के अधिकार नियम, 2016 और संशोधन आदि जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं।

(ग) और **(घ)** पिछले सात वर्षों (दिसम्बर, 2017 को समाप्त तिमाही से मार्च, 2024 तक) के दौरान सेवा प्रदाता-वार कॉल ड्रॉप के प्रतिशत (सभी लाइसेंस सेवा क्षेत्रों का औसत) का ब्यौरा और ड्रॉप कॉल संबंधी मानदंडों की अनुपालना नहीं करने पर सेवा प्रदाताओं पर लगाए गए वित्तीय निरुत्साहनों का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

अनुबंध-।

माननीय सांसद श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी द्वारा "कॉल ड्रॉप दर" के संबंध में पूछे जाने वाले लोक सभा के दिनांक 31 जुलाई, 2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1525 के पैरा (ग) और (घ) के उत्तर के संदर्भ में उल्लिखित अनुबंध

		2017-18 (दिसम्बर-17 से)			2018-19			2019-20		
क्र. सं.	टीएसपी का नाम	औसत ड्रॉप कॉल दर (डीसीआर)		लगाया गया वित्तीय निरुत्साहन (उल्लंघन के लिए) (लाख रुपए में)	औसत ड्रॉप कॉल दर (डीसीआर)		लगाया गया वित्तीय निरुत्साहन (उल्लंघन के लिए) (लाख रुपए में)	औसत ड्रॉप कॉल दर (डीसीआर)		लगाया गया वित्तीय निरुत्साहन (उल्लंघन के लिए) (लाख रुपए में)
		[नेटवर्क_ क्यूएसडी(90,90)] ≤ 2%*	[नेटवर्क_ क्यूटीडी(97,90)] ≤ 3% **		[नेटवर्क_ क्यूएसडी(90,90)] ≤ 2% *	[नेटवर्क_ क्यूटीडी(97,90)] ≤ 3% **		[नेटवर्क_ क्यूएसडी(90,90)] ≤ 2% *	[नेटवर्क_ क्यूटीडी(97,90)] ≤ 3% **	
1	एयरसेल	3.14	4.20	50	एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***	
2	एयरटेल	1.71	2.07		1.69	2.24	1	1.60	2.07	
3	बीएसएनएल	1.86	2.51	9	1.95	2.50	26	2.13	2.64	42.00
4	एमटीएनएल	1.80	2.39		1.70	2.26		1.62	2.23	
5	आर जिओ	0.87	1.26		0.44	0.60		0.35	0.48	
6	टाटा	1.45	2.71	29.5	0.15	0.96		0.13	0.40	
7	टेलीनोर	2.12	2.74	13	एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***	
8	आइडिया	2.04	2.65	28.5	1.59	2.19	29	1.62	2.40	8.50
9	वोडाफोन	1.80	2.34	5	1.61	2.20	1	1.67	2.42	2.50
10	वीआईएल	एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***	

		2020-21			2021-22			2022-23			2023-24		
क्र.सं.	टीएसपी का नाम	औसत ड्रॉप कॉल दर (डीसीआर)		लगाया गया वित्तीय निरुत्साहन (उल्लंघन के लिए) (लाख रुपए में)	औसत ड्रॉप कॉल दर (डीसीआर)		लगाया गया वित्तीय निरुत्साहन (उल्लंघन के लिए) (लाख रुपए में)	औसत ड्रॉप कॉल दर (डीसीआर)		लगाया गया वित्तीय निरुत्साहन (उल्लंघन के लिए) (लाख रुपए में)	औसत ड्रॉप कॉल दर (डीसीआर)		लगाया गया वित्तीय निरुत्साहन (उल्लंघन के लिए) (लाख रुपए में)
		[नेटवर्क_ क्यूएसडी(90,90)] ≤ 2%*	[नेटवर्क_ क्यूटीडी(97,90)] ≤ 3% **		[नेटवर्क_ क्यूएसडी(90,90)] ≤ 2%*	[नेटवर्क_ क्यूटीडी(97,90)] ≤ 3% **		[नेटवर्क_ क्यूएसडी(90,90)] ≤ 2%*	[नेटवर्क_ क्यूटीडी(97,90)] ≤ 3% **		[नेटवर्क_ क्यूएसडी(90,90)] ≤ 2%*	[नेटवर्क_ क्यूटीडी(97,90)] ≤ 3% **	
1	एयरसेल	एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***	
2	एयरटेल	1.53	1.98		1.54	2.00		1.44	1.87		1.31	1.74	
3	बीएसएनएल	2.09	2.56	15.00	1.87	2.30	7.00	1.74	2.12		1.71	2.04	
4	एमटीएनएल	1.51	2.04		1.52	2.04		1.51	2.13		1.58	1.84	1
5	आर जिओ	0.30	0.43		0.25	0.38		0.22	0.37		0.23	0.39	
6	टाटा	एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***	
7	टेलीनोर	एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***	
8	आइडिया	1.70	2.46	5.00	एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***	
9	वोडाफोन	1.73	2.48		एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***		एसएनए ***	एसएनए ***	
10	वीआईएल	1.57	2.24		1.56	2.20		1.57	2.19		1.57	2.20	

*नेटवर्क क्यूओएस डीसीआर स्पेटिअल डिस्ट्रीब्यूशन मेजर [नेटवर्क_ क्यूएसडी (90,90)] (मानदंड ≤ 2%) का तात्पर्य है कि नेटवर्क में कम से कम 90% सेल को कम से कम 90% दिनों में विनिर्दिष्ट 2% मानदंड से बेहतर कार्य-निष्पादन करना चाहिए।

**नेटवर्क क्यूओएस डीसीआर टेम्पोरल डिस्ट्रीब्यूशन मेजर [नेटवर्क_ क्यूएसडी (97,90)] (बेंचमार्क ≤ 3%) का तात्पर्य है कि कम से कम 90% दिनों में नेटवर्क ने कम से कम 97% सेल के लिए विनिर्दिष्ट 3% मानदंड से बेहतर कार्य-निष्पादन किया।

*** एसएनए – सेवाएँ उपलब्ध नहीं।

*****